# खंभों के लटकते तार बने खतरा, हादसों का डर


**कई बार हो चुके हादसे, नहीं लिया किसी ने भी सबक**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 नवम्बर, शहर के बिजली खंभो और सरकारी भवनों पर भवनों पर अव्यवस्थित तरीके से बिजली व अन्य टेलीकॉम कंपनियों के तार लटके हुए हैं. तारों का यह जंजाल कभी भी टूट कर जमीन पर गिर जाता है और इन तारों से हमेशा ही दुर्घटना का भय बना रहता है.**

शहर में करोड़ों रुपए का टैक्स वसूल करने वाली नगरपालिका क्षेत्र में विद्युत खंबों सहित शासकीय प्राइवेट भवनों पर अव्यवस्थित तरीके तरीके से बिजली और अनेक टेलीकॉम कंपनियों के तार लटके हुए हैं. कई जगहों पर तो विद्युत खंबों से घरों और प्रतिष्ठानों के मीटर तक लिए जाने वाले तारों की ऊंचाई इतनी कम है कि किसी भी बड़े वाहन से टकराकर कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती है. वहीं इंटरनेट और केवल कनेक्शन सहित अन्य तारों की स्थिति भी बहुत खतरनाक हो चली है.कई बार नपा द्वारा बार-बार सड़क की खुदाई के कारण खंबों पर डाली जाती है केबल वहीं इस संबंध में प्रायवेट टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि उनकी कंपनी द्वारा अंडर ग्राउंड केबल बिछाये जाते थे. लेकिन नपा द्वारा किसी न किसी काम के बहाने बार बार खुदाई की जाने से अंडर ग्राउंड केबल क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे कंपनी को नुकसान होता है. वहीं क्षतिग्रस्त केबल को ढूंढने और व्यवस्थित करने में कठिनाई होती है व समय बर्बाद होता है. इसी कारण कभी कभी केबल बिजली के खंबों के सहारे डाल दी जाती है. जिसका टैक्स हम नगर पालिका को देते हैं.

स्थानों पर यह तार कहीं पर भी टूटे पड़े दिखाई देते हैं. जो शहर के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दिखाई नहीं देते हैं. यदि हम विदिशा नगर के ही किसी प्राइवेट कॉलोनाइजर्स की बात करें तो वहां बिजली और अन्य तारों के बिछाने का काम व्यवस्थित दिखाई देता है. जबकि नगरीय क्षेत्र में हालात बद से बदतर हैं एक ही खंबे पर अनेक लाइनों की केवल के तार टंगे होने से हमेशा लाइन फॉल्ट होने का डर बना रहता दा है. विद्युत मंडल के खंबों पर वैसे प भी घरों और व्यवसायिक विद्युत लाइन का बहुत बड़ा जखीरा 2 दिखाई देता है. उस पर इंटरनेट दे केबल कनेक्शन और अन्य तरह द के अनेक तार लगे हुए हैं. जिन पर क कभी कोई ध्यान नहीं देता.



### शहर के मेन मार्केट में भी ऐसे ही हालात

शहर के मेने मार्केट में भी कई जगहों पर खंभों से बिजली के तार लटके रहते है जो इतने नीचे होते हैं कि कोई भी बड़ा वाहन आता है तो तार टूटकर जमीन में गिर जाते हैं कई बार तो बिजली के तार या फिर टेलीकॉम कंपनी के तार या फिर केबल के तार भी टूट कर गिर जाते है जिससे लोगों को परेशानी होती है. हर बार प्रशासन की बैठक में यह मामला उठता है लेकिन इसका कोई ठोस समाधान अभी तक नहीं निकाला गया.

### अवैध कालोनियों में लंबी दूरी से खींचे जाते हैं तार

शहर में 100 से ज्यादा अवैध कालोनियां है जिनमें रहने वाले लोग बिजली का इंतजाम करने के लिए 500 से 1000 मीटर तक की दूरी से बिजली तार डालकर बिजली का उपयोग करते हैं. दरअसल अवैध कालोनाईजर ग्राहकों को तमाम सुविधाएं देने का वादा कर प्लाट तो बेंच देते हैं लेकिन बिजली की सुविधा देने के नाम पर हाथ खड़े कर देते हैं. अधिकांश अवैध कालोनियों में बिजली कंपनी खंभे नहीं लगाती ऐसे में यहां के रहवासी बिजली का इंतजाम करने के लिए लंबी दूरी से तार खींचकर बिजली की व्यवस्था करते हैं.

# सांप ने डसा-झाड़ फूंक में उलझे, एनवक्त पर लाये अस्पताल

**महिला की हालत गंभीर खतरे से बाहर, अस्पताल में चल रहा इलाज**

**झाड़-फूंक के चक्कर में महिला की जान पर बनी, डॉक्टरों ने बचाई जिंदगी**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 नवम्बर,जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एक महिला को घर पर सोते समय सांप ने काट लिया.घटना के बाद परिजन घबरा गए और उसे अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने के लिए गांव के ओझा के पास ले गए. वहां झाड़-फूंक करवाने के बाद परिजनों को लगा कि अब महिला पूरी तरह सुरक्षित है, और वे उसे घर लेकर लौट आए. शुरुआती कुछ घंटों तक महिला की तबीयत सामान्य रही, लेकिन धीरे-धीरे सांप के जहर का असर बढ़ने लगा. हालत बिगड़ने पर परिजन घबराए और आनन-फानन में उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे. अस्पताल में महिला की गंभीर हालत देखकर डॉक्टरों ने तुरंत उसे भर्ती किया और इलाज शुरू किया.**

महिला की सांसें थमने लगी थीं, ऐसे में डॉक्टरों ने सीपीआर देकर उसकी जान बचाई. एंटी-स्नेक वेनम और अन्य दवाएं दी गईं, जिसके बाद महिला की हालत में सुधार आने लगा.फिलहाल उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है, लेकिन खतरे से बाहर बताई जा रही है. परिजनों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि हम अंधविश्वास में पड़ गए थे. अब हमें समझ आया है कि ऐसे मामलों में तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए. डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि महिला को गंभीर हालत में लाया गया था. उसकी सांसें बंद हो चुकी थीं. समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई. यदि परिजन झाड़-फूंक में समय न गंवाते और सीधे अस्पताल आते, तो महिला की स्थिति सामान्य रहती.उन्होने लोगो से अपील की है कि सांप के काटने पर किसी भी प्रकार की झाड़-फूंक में न उलझें, बल्कि तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचे, ताकि समय पर इलाज मिल सके और जान बचाई जा सके.

## एक नजर में

### अपना घर आश्रम के सदस्यों ने किया रेस्क्यू

नवभारत न्यूज

**विदिशा**,सोमवार को एक और मेहमान के रूप में अपना घर आश्रम विट्ठल नगर विदिशा में आए संजू प्रजापति की सूचना पर रेस्क्यू किया गया.टीम में सेवा साथी जितेंद्र कृष्ण पाल, सोहेल अहमद बबलू द्वारा रेस्क्यू कर आश्रम लाया गया.आश्रम के पदाधिकारी जीके माहेश्वरी, जीएस चौहान, घनश्याम डागा, दीपक महेश्वरी के दिशा निर्देश पर आश्रम की सेवा साथियों द्वारा रेस्क्यू किया.बताया गया कि आश्रम में लाने के पहले ही उस व्यक्ति का का मेडिकल चेकअप अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज में करवाया जाता है. डॉक्टरों की परामर्श अनुरूप व्यक्ति को नियमित मेडिसिन दी जाती है.

### बालाजी सरकार को लगाए 56 भोग

नवभारत न्यूज

**पठारी,** नगर के करीब ग्राम बडोह मैं स्थित बालाजी धाम दरबार में श्रद्धालुओं द्वारा छप्पन भोग लगाए गए वही बालाजी धाम के महंत विष्णु दास जी महाराज ने बताया कि प्रति मंगलवार बालाजी सरकार की महा आरती की जाती है एवं बालाजी दरबार में छप्पन भोग भी लगाए जाते हैं वहीं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ भी उमती है यहां दूर-दूर से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं.

# कृष्णा पेट्रोल पंप की हुई जांच, दिये निर्देश

नवभारत न्यूज

**विदिशा,क**लेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलो में स्थापित पेट्रोल पंपो का संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों के द्वारा जांच पड़ताल की गई है. इसी क्रम में आज कृष्णा पेट्रोल पंप, गुलाबगंज का औचक निरीक्षण क्षेत्र की तहसीलदार श्रीमती पलक पिडिहा और संबंधित अन्य विभागीय दल द्वारा की गई है.निरीक्षण दल में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, मापतौल विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल रहे. अधिकारियों ने पेट्रोल एवं डीजल की गुणवत्ता, माप की सटीकता, स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर एवं वितरण संबंधी अभिलेखों की जांच की.दल द्वारा डिस्पेंसिंग यूनिट की सील, पाइपलाइन, डीजल टैंक के स्तर, नमूना पेट्रोलध्डीजल की घनत्व जांच तथा मीटर रीडिंग का परीक्षण किया गया.इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि उपभोक्ताओं को मानक मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है. साथ ही निरीक्षण दल ने सुरक्षा उपकरणों जैसे फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी कटऑफ स्विच, अर्थिंग सिस्टम आदि की भी जांच की और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये.

# विधायक की सुनवाई में आए 22 आवेदन



नवभारत न्यूज

**विदिशा, मंगलवार को विदिशा विधायक ने नगर पालिका परिसर में आम जनता की समस्याओं को सुना. विधायक श्री मुकेश टंडन जी ने नागरिकों की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जो कि प्रत्येक मंगलबार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक नगर पालिका में जन सुनवाई की जा रही है.**

सुनवाई के दौरान आज विभिन्न समस्याओं के 22 लिखित आवेदन प्राप्त हुए एवं कुछ हितग्राहियों द्वारा मौखिक भी समस्याएं बताई जिस पर विधायक ने उनको हल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ,कुछ आवेदनों का मौके पर ही निवारण किया गया. जन जनसुनवाई में एसडीएम क्षितिज शर्मा , सीएमओ दुर्गेश ठाकुर सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे.

# प्लास्टिक वाले कप में चाय या काफी पीना अनेक बीमारियों को आमंत्रण देना

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज,** कागजों के कप में गर्म पदार्थ चाय काफी या अन्य कोई पदार्थ पीना सेहत के लिए भारी धातक एवं नुकसान देह हो सकता है. इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल द्वारा एक परिपत्र में सार्वजनिक रूप से प्रर्दशित करते हुए दी है.परिपत्र में कहा गया है कि इन कपों के भीतरी भाग में जो सफेद सा दिखाई देता है.वह प्लास्टिक युक्त जहर है इन कपों की प्लास्टिक युक्त पर्त रसायन का जहर गर्म होने पर पेय पदार्थ में मिल जाता है जो स्वास्थ्य के लिए हानिप्रद है एंवं भविष्य में केंसर हार्मोन जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है.स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए हमेशा चाय काफी अन्य गर्म पदार्थ कांच चीनी मिट्टी या स्टील के बर्तनों का उपयोग करें. प्लास्टिक वाले कपों के बजाय पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करें अपनी स्वास्थ्य की रक्षा के लिए छोटी सी आदत में बदलाव आपके स्वास्थ्य के लिए हितकर हो सकता है एंवं पर्यावरण के लिए भी जनहित को देखते हुए.

# सांसद खेल महोत्सव की मशाल यात्रा का गुलाबगंज में स्वागत

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने की जगह-जगह पुष्प वर्षा**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सांसद खेल महोत्सव की मसाल यात्रा जो मसाला 30 अक्टूबर को खेल परिसर स्टेडियम में पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ,मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद लता वानखेड़े ने खेल की अलख जगाने के लिए विधायक मुकेश टंडन को सौंप दी गई थी. वह मसाल लेकर विधायक मुकेश टंडन कुआं खेड़ी पहुंचे उनके साथ पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह , जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि ग्यारसपुर बृजेश लोधी, प्रतीक कांग मिसाल लेकर गुलाबगंज के लिए रवाना हुए. कुआं खेड़ी से निकलने के बाद ग्राम वन, सौजना, धनियाखेड़ी, हथियाखेडा, और गुलाबगंज में कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. इस अवसर पर छात्रपाल शर्मा, जगदीश दांगी, मुकेश यादव, अजय दागी, सचिन यादव, शैलेद सप्रे, ओमप्रकाश घांवरी, मुनालाल सोनी, बलवंत यादव, रामबाबू रघुवंशी, बृजेश लोधी,रामसेवक दागी, गोलू रघुवंशी, विवेक दांगी आदि लोग उपस्थित रहे.

# दिल्ली की टीम आने की चर्चा पर सुधर रहीं स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थायें

नवभारत न्यूज

**पठारी,**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पठारी में मंगलवार को व्यवस्थाओं में खासा सुधार रहा.बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार की दिल्ली से आने वाली निरीक्षण टीम की चर्चा के चलते अस्पताल परिसर में साफ-सफाई से लेकर स्टाफ की मौजूदगी तक सब कुछ दुरुस्त नजर आ रहा है.

अस्पताल के अंदर और बाहर सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है, मरीजों के पलंगों पर नए चादर बिछाए गए हैं और सभी स्वास्थ्य कर्मी अपनी अपनी ड्रेस में ड्यूटी पर मौजूद दिखाई दिये. आमजन का कहना है कि यदि ऐसी ही व्यवस्थाएं हमेशा बनी रहें तो सरकारी अस्पतालों पर लोगों का भरोसा और भी मजबूत होगा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं लगातार मिलती रहेंगी. हालांकि निरीक्षण दल मंगलवार को नहीं आया पर आ कभी भी सकता है.

# भगवान झूलेलाल पर टिप्पणी से सिंधी समाज हुआ आहत

## खास बातें

- विदिशा के पूज्य सिंधी पंचायत और अन्य संगठनों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन
- छत्तीसगढ़ राजनीतिक दल के प्रमुख अमित बघेल द्वारा भगवान झूलेलाल पर की गई थी अनर्गल टिप्पणी



नवभारत न्यूज

**विदिशा.** मंगलवार को पूज्य सिंधी पंचायत के बैनर तले बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग विवेकानंद चौराहे पर एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे जहां एसपी को ज्ञापन दिया. सिंधी समाज के लोग हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे इस दौरान समाज के अध्यक्ष दीवान मंगतानी, वासुदेव धनवानी, गोपाल खत्री, मनोज पंजवानी, दिलीप रामानी आदि ने बताया कि छत्तीसगढ़ के जौहार पार्टी के प्रमुख अमित बघेल द्वारा एक कार्यक्रम में बयान दिया गया, जिसमें उन्होंने सिंधी हिंदू समाज के आराध्य देवता वरुण देव के अवतार श्री झूलेलाल के प्रति एवं सिंधी समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की है. वहीं बघेल द्वारा अग्रवाल समाज के संस्थापक भगवान श्रीराम के वंशज समरसता के प्रेरणा महाराज श्री अग्रसेन के विरुद्ध भी अमर्यादित एवं अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया है. समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के महापुरुष स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय के विरुद्ध भी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है.उन्होंने कहा कि जिससे देश के लाखों लोगों की धार्मिक सामाजिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और सिंधी समाज एक सभ्य व्यापारिक समाज है जो बंटवारे के बाद अपने धर्म को बचाने के लिए विभाजित भारत के सिंध प्रांत से पलायन कर देश के विभिन्न हिस्सों में बस गया और अपने पुरुषार्थ के दम पर आज स्थापित समाज है.

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अमित बघेल द्वारा जानबूझकर आपत्तिजनक बयानबाजी कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया है और माफी मांगने से भी साफ इंकार कर दिया गया है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि देश में अशांति उत्पन्न करने और वैमनस्यता बढ़ाने का प्रयास किया गया है. शिकायती आवेदन देकर मांग की है कि अमित बघेल पर कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे कि इस प्रकार की बयानबाजी आगे और न हो सके. उन्होंने कड़े शब्दों में इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि अगर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो सिंधी समाज द्वारा नगर बंद सहित धरना प्रदर्शन किया जाएगा. इस दौरान बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग व सनातन हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी भी मौजूद थे.

**आयोजन** | **कार्तिक मास में हो रहा दीपदान, निकल रहीं धार्मिक यात्रायें, देवपुर में लग रहा कार्तिक मेला**

# कार्तिक मास में बह रही भक्ति की बयार

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, पवित्र कार्तिक मास में क्षेत्र में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है. भक्तों द्वारा कार्तिक मास में दीपदान किए जा रहे हैं, तो वहीं धार्मिक यात्रायें निकाली जा रही हैं. बाबा विश्वनाथ धाम तीर्थक्षेत्र देवपुर में पांच दिवसीय कार्तिक मेले का आयोजन किया जा रहा है, तो वहीं मां जानकी दरबार करीला धाम में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हैं.**

पवित्र कार्तिक मास में इन दिनों क्षेत्र में चारों ओर भक्ति का माहौल है. इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है. सिरोंज में श्री कार्तिक महोत्सव समिति के तत्वाधान में कार्तिक मास में श्रद्धालुओं द्वारा मां त्रिपुर सुंदरी घाट पंचकुईयां पर प्रात:काल कार्तिक स्नान एवं सायं को मां गंगा जी की आरती एवं दीपदान किया जा रहा है, तो वही बाबा विश्वनाथ धाम मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंड में भी श्रद्धालु दीपदान कर रहे हैं. वही श्री मदनमोहन सरकार मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भी कार्तिक मास में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है.



### कार्तिक महोत्सव में हुआ श्री हरि-हर मिलन उत्सव

श्री कार्तिक महोत्सव समिति द्वारा मंगलवार को श्री हरि-हर मिलन उत्सव का आयोजन किया गया. इस मौके पर श्री शीतला माता मंदिर पंचकुईयॉं से भगवान महामृत्युंजय महादेव के मुखारबिंद की पालकी यात्रा निकाली गई. मां त्रिपुर सुंदरी घाट पर शिव-गंगा पूजन के उपरांत यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री मदनमोहन सरकार मंदिर पहुँची. जहॉं पर शास्त्रोक्त विधि से श्री हरि-हर मिलन उत्सव संपन्न हुआ. यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं धर्मप्रेमी बंधु मौजूद रहे.

### देवपुर में लग रहा पांच दिवसीय कार्तिक मेला

सिरोंज-आरोन मार्ग पर स्थित पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेले का भी आयोजन किया जा रहा है. जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं. मेले में दैनिक उपयोग की वस्तुओं, पूजन एवं खाद्य सामग्रियों सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गई है. वहीं मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिये कई प्रकार के आकर्षक झूले भी मौजूद है. नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की तादाद में श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा पर देवपुर में बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंड के जल से स्नान कर बाबा विश्वनाथ जी की पूजा, अर्चना करेगें.

### भक्तों ने की श्री मदनमोहन सरकार की परिक्रमा

कार्तिक मास में मंगलवार को भक्तों द्वारा भजन, कीर्तन करते हुए श्री मदनमोहन सरकार की परिक्रमा की गई. परिक्रमा प्रात- श्री मदनमोहन मंदिर से प्रारंभ हुई. परिक्रमा के प्रारंभ में मंदिर में ध्वज की पूजा, अर्चना की गई. इसके बाद यह परिक्रमा भूतेश्वर पथ, कपड़ा बाजार, सर्राफा बाजार, छिपेटी बाजार से होते हुए पुन: श्री मदनमोहन सरकार मंदिर पर पहुॅंची. परिक्रमा में भक्त हाथों में ध्वज पताका लेकर चल रहे थे. वही भक्त भजन, कीर्तन करते हुए चल रहे थे. यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. परिक्रमा के समापन पर प्रसादी वितरण किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाऐं एवं श्रद्धालु मौजूद रहे.

### कार्तिक पूर्णिमा पर करीला में भी लगेगी भीड़

कार्तिक मास में प्रसिद्ध करीला धाम में भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर मां जानकी दरबार के दर्शन कर रहे हैं. इस दौरान भक्तों द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन किया जा रहा है. कार्तिक पूर्णिमा पर प्रसिद्ध करीला धाम में भक्तों का जनसैलाब उमड़ेगा. शहर एवं ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में भक्त मां जानकी दरबार करीला धाम पहुंचेंगे.

# कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को जनसुनवाई की जिसमें 157 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की. जिसमें से मौके पर 90 आवेदनो का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को दिए गए हैं. कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर लंबित शिकायतों निराकरण के लिए भी समय सीमा में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाते हैं और सुशासन की एक पहल अंतर्गत जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है. विगत दिनों आयोजित हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में लंबित शिकायती आवेदक श्रीमती सबोद्र बाई पत्नी प्राण सिंह अहिरवार निवासी ग्राम नेहरा तहसील कुरवाई की एससी, एसटी एक्ट की राशि दिलवाए जाने संबंधी शिकायत का निराकरण किया गया है.इस आवेदन पर आवेदक से संपर्क किया गया.शिकायतकर्ता के राहत प्रकरण में अपमान अभित्रास की धारा अंतर्गत कुल पात्रता राशि 1 लाख के विरुद्ध 25 प्रतिशत राशि रुपए 25 हजार एवं 50 प्रतिशत राशि रुपए 50 हजार का भुगतान किया गया है.



# सेंट मेरी पीजी कॉलेज के बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने की अदानी विल्मर उद्योग यात्रा

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सेंट मेरी पी.जी. कॉलेज, विदिशा के बी. बी . ए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार अदानी विल्मर का औद्योगिक भ्रमण किया. इस इंडस्ट्री विजिट का आयोजन प्रोफेसर प्रशांत सेन, प्रोफेसर विशाखा अग्रवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ.**

भ्रमण के दौरान अदानी विल्मर के एच.आर. श्री पटेल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उद्योग की कार्यप्रणाली एवं व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराया. उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी. जिससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी प्राप्त हुआ.भ्रमण उपरांत विद्यार्थियों ने अपने अनुभव विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीश सुर्जन,एवं रामानंद मिश्रा के समक्ष साझा किए. इस अवसर पर फादर शिंटो, फादर जोबी एवं सिस्टर प्रभावती ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी भविष्य के उद्योगपति हैं और इस प्रकार के अनुभव आपके करियर को नई दिशा देंगे.